विधानसभा/अत्यावश्यक

राजस्थान सरकार
मंत्रिमण्डल सचिवालय

क्रमांकः प.30(7)मं.मं./2023–01218 जयपुर, दिनांक

परिपत्र

विषयः–राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों के वर्ष 2024–25 के वार्षिक प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन भेजने बाबत।

16वीं राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट के दृष्टिगत प्रतिवर्ष की भॉति बजट प्रस्तुत करने से पूर्व राजकीय विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों द्वारा वर्ष में किये गये कार्यों का विवरण/प्रगति की प्रतियॉ राजस्थान विधानसभा के माननीय सदस्यों को वितरित किये जाने हेतु भिजवानी होती है ।

इस संबंध में वित्त (बजट) विभाग के परिपत्र क्रमांकः प.4(3)वित्त–1(1) बी/2006 दिनांक 27.4.2006 में दिये गये निर्देशों की पालना करते हुये वार्षिक प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन में विभागीय व्यय के आंकडे दिसम्बर, 2024 तक के ही सम्मिलित किये जावें। साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि विधानसभा में भेजे जाने वाले वार्षिक प्रशासनिक प्रतिवेदन में चालू वित्तीय वर्ष के संशोधित अनुमान एवं आगामी वित्तीय वर्ष के बजट अनुमानों का उल्लेख नहीं किया जावें।

प्रशासनिक प्रतिवेदन में एकरूपता तथा इसके अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिये इसमें निम्न बिन्दुओं को भी समस्त राजकीय विभागों एवं उपक्रमों द्वारा वर्ष 2024–25 के वार्षिक प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन मे सम्मिलित किया जाना सुनिश्चित किया जावेः–

1. विभाग का संगठनात्मक ढांचा।
2. स्वीकृत–कार्यरत तथा रिक्त पदों का विवरण।
3. विभागीय प्रमुख कार्य तथा प्रत्येक प्रमुख कार्य के विरूद्ध आलोच्य वर्ष में प्रगति एवं उसकी विगत 3 वर्षो से तुलना।
4. आलोच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धियां।
5. सार–संक्षेप।

क्रमशः..........2

-2-

RajKaj Ref
12041998

Signature valid

Digitally signed by Jogā Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2024.11.27 17:42:20 IST
Reason: Approved

कृपया विभागों/निगमों/बोर्ड/उपक्रमों द्वारा प्रशासनिक प्रतिवेदन आवश्यक रूप से तत्काल तैयार कर **<u>मूल फाईल (साफ्ट कॉपी) को ही ''न्यूनतम साईज की ग्रे–स्केल (श्वेत–श्याम) में PDF फाईल में तैयार कर पेन ड्राईव में''</u>** मय 25 प्रतियां मैन्युअली पूर्व की भॉति आगामी बजट सत्र के 7 दिवस पूर्व राजस्थान विधानसभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करावें। प्रतिवेदन की 5 प्रतियां वित्त(आय–व्ययक) विभाग, एक–एक प्रति सचिव, राज्यपाल सचिवालय, जयपुर एवं महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर, समस्त माननीय सांसदों को एवं एक प्रति इस सचिवालय को भी भिजवाया जाना सुनिश्चित करें। वार्षिक प्रगति विवरण/प्रशासनिक प्रगति प्रतिवेदन राजभाषा हिन्दी में ही भेजा जाना सुनिश्चित करें। साथ ही इसे बजट सत्र उपरान्त विभागीय वेबसाईड पर भी अपलोड किया जाना सुनिश्चित करावें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

(डॉ. जोगा राम)
शासन सचिव

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर ।
2. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर ।
3. समस्त अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव ।
4. समस्त विभागाध्यक्ष।
5. आयुक्त, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. एनालिस्ट कम प्रोग्रामर, सामान्य प्रशासन विभाग को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. सचिवालय के समस्त अनुभाग/प्रकोष्ठ ।
8. रक्षित पत्रावली ।

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. सचिव, राज्यपाल, राजस्थान, जयपुर ।
2. प्रमुख सचिव, राजस्थान विधानसभा, जयपुर ।

RajKaj Ref
12041998

Signature valid
Digitally signed by Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2024.11.27 17:42:20 IST
Reason: Approved